RAJYA SABHA

Friday, the 24th March, 1995\3rd Chaitra, 1917 *(Saka)*

The House met at eleven of the clock, Mr. Chairman in the Chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

*161. *[The questioner (Shri Hanumantha Rao) was absent for answer, vide* col... *infra]*

UNICEF Report on Children

*162. DR. ISHWAR CHANDRA GUPTA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to State:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news report which appeared in the 'Hindustan Times' dated 19th February, 1995 regarding the United Nations Children Fund (UNICEF);

(b) if so, whether it is a fact that two million newly born children die every year in India; and

(c) if so, the steps taken to reduce the mortality rate?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT): (SMT. BASAVARAIESHWARI (a) No Sir. Government attention has, however, been drawn to a news item appearing in the Times of India, Delhi edition of 19th February, 1995.

(b) Yes, Sir.

(c) Malnutrition. Acute Respiratory Infections, Diarrhoea] diseases and inadequate maternal and new born care have been identified as major causes of child mortality in India. Concerted efforts have, therefore, been made to tackle the problem through focussed nutritional, health and family welfare interventions. The notable inverventions include Integrated Child Development Services (ICDS) scheme, Balwadi Nutrition Programme (BNP), Scheme of Creches/Day Care Centres, Child Survival and Safe Motherhood (CSSM) Programme, Universal Immunisation Programme, Oral Rehydration Therapy Programme, Control of Acute Respiratory Infections (AR1) Programme, Prophylaxis against Nutritional Anaemia among Mothers and Children, Prophylaxis against Blindness due to Vitamin A deficiency and intensified Dais' Training Programme. The adoption of National Nutrition Policy during 1993 is a major step in the direction of eliminating/reducing malnutrition among vulnerable groups including children.

डा० ईश्वर चन्द्र गुप्ता: सभापति महोदय, बड़े दुख का विषय है कि आजादी के 47 वर्षों के बाद आज भी हमारे देश में नवजात शिशुओं की मृत्यु की संख्या 20 लाख से अधिक एक वर्ष में है। हमारा देश उन पांच देशों में है जहां यह मृत्यु दर सब से अधिक है। माननीय मंत्री जी ने जो जवाब दिया है, उसमें बहुत सी कागजी योजनाएं उन्होंने बताई हैं। एक बार भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि जितनी भी योजनाएं बनती हैं, उनका लगभग 10 प्रतिशत केवल सामान्य जनता तक पहुंचता है। मैं यह जानना चाहता हूं कि इतनी योजनाएं लागू होने पर भी नवजात शिशुओं की मृत्यु दर इतनी अधिक क्यों है ? इस मृत्यु दर को कम करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि यह मृत्यु दर अन्य विकसित देशों में जहां यह पांच प्रति हजार है, वहां तक पहुंच जाए ?

SMT. BASAVARAJESHWARI: Sir, I have already stated in my main answer what action Government has taken to reduce the infant mortality rate. The first is the Integrated Child Development Services scheme and the second is the Balwadi Nutrition Programme, which we have taken up. The third is the Schemes of Creches/Day Care Centres. The fourth is the Child Survival and Safe Motherhood Programme, which is being implemented by the Department of Family Welfare. Also there is a Maternal and Child Health Programme which is being implemented by the Department of Family Welfare. Very recently we have

started promoting breast-feeding also to reduce the infant mortality. Very recently we have enacted the Infant Milk Substitutes Act also. Apart from these, we have got two other action plans: one is the National Action Plan and another is the National Nutrition Plan. We are implementing these action plans to see that the infant mortality rate is reduced. In the year 1993 the infant mortality rate had come down to 74. In 1971 it was 129, in 1991 it came down to 80 "and now ft has been reduced to 74. With all these programmes, by 2000 A. D. we are targetting to reduce the infant mortality rate to 60 per thousand.

डा० ईश्वर चन्द्र गुप्ता: सभापति महोदय, हमारे देश में भी यह मृत्यु दर विभिन्न प्रान्तों में अलग अलग है। केरल में यह मृत्यु दर 1000 के अगैंस्ट केवल 17 है जबकि उड़ीसा में 124 है। मैं जानना चाहता हूं कि ऐसे कौन से कारण हैं क्या यह योजनाएं उड़ीसा में लागू नहीं की गई और अगर नहीं की गई तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है ? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि ऐसे प्रान्तों में जहां यह मृत्यु दर बहुत अधिक है, उनके लिए क्या कोई विशेष योजनाएं बनाई गई हैं।

' SHRIMATI BASAVARAJESHWARI: Sir, the Integrated Child Development Services ' (ICDS)' Scheme is the most popular programme for children between the age-group of three to six years. So far, we have covered 69 per cent Blocks under this programme. We wanted to cover the entire country, but because of financial constraints, we are doing it in a phased' manner. Once we cover the entire country under the ICDS Programme. I hope the mortality rate will come down. The main services of this programme are immunisation, nutrition,, non-formal education and health check-up, etc.This is a msjor programme that we have undertaken. After covering the entire country, T think the mortality rate will .definitely come down. Sir, wherever the Anganwadis are working, the infant mortality rate has definitely come down. I don't have the district-wise details, now but If you want details for Orissa, I will supply them to you.

डा० ईश्वर चन्द्र गुप्ता : महोदय, यह तो जनरल आंसर है, उड़ीसा में यह दर अधिक है। क्या वहां योजना लागू नहीं की गई, इसका उत्तर मंत्री जी ने नहीं दिया है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : माननीय सदस्य महोदय को मैं जानकारी देना चाहता हूं कि यह जो योजनाएं हैं उड़ीसा में भी लागू है। कुछ आंकड़े मेरे सामने हैं जैसे आंगनबाड़ी की 9 एसी स्कीम्ज उड़ीसा में लागू हैं और केश स्कीम में भी जहां बड़े भौगोलिक क्षेत्र वाले जो प्रदेश हैं वहां भी 40, जैसे आन्ध्र प्रदेश 40 मध्य प्रदेश 40 वहां उड़ीसा में भी 40 केश की स्कीम्ज लागू हैं। पर प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर यह आधारित रहता है और साथ ही साथ साक्षरता की क्या संख्या है वहां साक्षरता अभियान कितना सफल रहा है, इस पर इसका भी एक असर पड़ता है। तो एक टोटल पिक्चर जो सामने है उसका असर निश्चित रूप से पड़ता है। हो सकता है हमारा जो संपूर्ण साक्षरता अभियान चल रहा है उसके माध्यम से जो निरक्षरता समाप्त होगी उसका भी असर फिर उड़ीसा पर भी पड़ेगा।

श्री सुरेश पचौरी : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहूंगा कि नवजात शिशुओं की जो मृत्यु दर है उसके प्रतिशत के हिसाब से राज्यवार आंकड़े क्या हैं और मृत्यु दर की कमी के लिए जो उपाय सरकार ने अपनी तरफ से गिनाए हैं जिसके तहत आई. सी. डी. एस., बी. एन. पी., सी.एस.एस. और ए.आर.आई. कार्यक्रमों का उल्लेख किया है, तो मैं आप के माध्यम से सरकार से यह जानना चाहूंगा कि कितनी राशि इन कार्यक्रमों के तहत अलग-अलग राज्यों को प्रदान की गई है और इस में मध्य प्रदेश की क्या स्थिति है? क्योंकि पिछले सालों में ही यह ध्यान आकर्षित किया गया था कि मध्य प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिले सरगुजा रायगढ़ आदि में नवजात शिशुओं की मृत्यु हुई है, इसलिए मध्य प्रदेश को क्या प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यक्रमों के माध्यम से ज्यादा राशि प्रदान की जाएगी, ताकि नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में कमी हो सके?

SHRIMATI BASAVARAJESHWARI: I can't give the State-wise Budget allocation. I can give the entire Budget allocation for this year. For Integrated Child Development Services, it is Rs. 434 crores, .Balwadi Nutirition Programme, Rs.. 972 lakhs; Scheme of Creches/Day Care Centres, Rs. 2,260 lakhs; National Creche Fund. Rs. I lakh and, Child Survival and Safe Motherhood programme, Rs. 1,500 lakhs. You have asked about the mortality rate. ' Sir, the infant mortality rate has declined from 129 per 1.000 live births in .1971 to 80 in 1991 and to 74 in 1993. The child mortality rate has declined from 57.3 in 1972 to 39.1 in 1982 and 26.5 in 1992. The percentage of children suffering from severe malnutrition has declined from. . *(Interruptions)*

SHRI SURESH PACHOURI: Sir. I have not asked for this.

SHRIMATI BASAVARAJESHWARI: You have asked. During-the same period, the percentage of children suffering from moderate degrees of malnutrition has declined from 47.5 per cent to 43.8 per cent.

श्री सुरेश पचौरी : माननीय सभापति जी, मैंने आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह किया था कि नवजात शिशुओं की जो मृत्यु दर है उसके आंकड़े प्रतिशत के हिसाब से राज्यवार क्या हैं और उसके साथ इस पर भी जो बजट दिया जा रहा है इन राज्यों को उसकी जानकारी चाहिए थी, मृत्यु दर के तो आंकड़े प्रतिशत के आधार पर मुझे माननीय मंत्री जी द्वारा प्रदान किए ही नहीं जा रहे हैं ?

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, I will obtain these figures, if they are available, and certainly supply them to the hon. Member. I have infront of me the *Anganwadi-cum-Crsche* Centres which ha*ve* been sanctioned for Madhya Pradesh and again the compare quite favourably with other States. Madhya Pradesh is a State with a very large geographical area. Maharashtra has 11, Andhra Pradesh has 10 and Madhya Pradesh also ha 11. So, it compares quite favourably and the creches sanctioned from the National Creche Fund...

SHRI V. NARAYANASAMY: Could you indicate it district-wise?

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Now, we are going into too much of details, Narayanasamy ji I can give you district-wise detailg also, if you want. Please do came, you are always welcome, to have a long session with me in the office and I would like to give you whatever figures you like. As many as 40 creches have been sanctioned to Madhya Pradesh from the National Creche Fund. Any figure which the hon.Member wants in detail I can, certainly, give him, if he so desires.

श्री नरेश यादव : सभापति महोदय, अभी माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर के क्रम में आंगनबाड़ी कार्यक्रम का जिक्र किया । इस संबंध में मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि 2 अक्तूबर 1975 से प्रारंभ आंगनबाड़ी कार्यक्रम में क्या केन्द्र सरकार की उपेक्षापूर्ण नीतियों के कारण लगभग 8 लाख महिला कार्यकर्ताओं का भविष्य अंधकार मय नहीं हो हो गया है ? इन महिला कार्यकर्ताओं को 18–19 साल की सेवाओं के बावजूद भी नियमित नहीं किया गया है, तो क्या सरकार इनकी सेवाओं को नियमित करेगी ? इनका जो मुख्य कार्य हैं आंगनबाड़ी कार्यक्रम का, महिलाओं के बीच शिक्षा प्रसार करना, परिवार कल्याण कार्यक्रम करना, बच्चों को दवाई देना, जो मृत्युदर घटाने में सहयोग करना है । तो आंगनबाड़ी में जो महिलाएं कार्य कर रही हैं, उनकी सेवा नियमित करेंगे ? यही मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं ।

SMT. BASAVA RAJESHWARI: Sir, as far as the honorarium is concerned, it is outside the scope of the question. So far we have sanctioned 3837 ICDS Projects. Apart from these, very recently, we have constituted a National Creche Fund for children under which there is a Corpus Fund of Rs. 20 crores out of which we have sanctioned 450 creches.

With these programmes, we are going to reduce the infant mortality rate definitely. But, as far as the honorarium to the *Anganwadi* Workers is concerned, it is outside the scope of this question.

श्री नरेश यादवः सर, यह दायरे के भीतर है । माननीय मंत्री जी ने अभी आंगनबाड़ी कार्यक्रम का जिक्र किया है और इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि बच्चों की मृत्यु दर को कम करने के लिए आंगनबाड़ी में काम कर रही महिलाओं को आप नियमित कर रहे हैं ? यह प्रश्न दायरे से बाहर नहीं है, दायरे के अंदर है क्योंकि माननीय मंत्री जी ने अपने प्रश्न के उत्तर में कहा है इस बात को ।

SMT. BASAVARAJESHWARI: Sir, in 1992, we had already revised the honorarium. Still they are asking for more honorarium. Very recently, we have converted gome *Anganwadis* into creches. By converting 150 *Anganwadis* they will become creche teachers and they will be getting a little bit more honorarium than what they are getting today.

श्री चतुरानन मिश्र : सभापति महोदय, बाल मृत्युदर सबसे ज्यादा गरीबों के बीच में है । इसका एक प्रधान कारण यह है कि डाक्टरी सहायता उपलब्ध नहीं है उन लोगों के बीच और दूसरा प्रधान कारण यह है कि जो राशि हम लोग देते हैं वह राशि तनख्वाह देने में या दूसरे एस्टेब्लिशमेंट पर बहुत ज्यादा खर्च हो जाती है, एक्चुअल लोगों को बहुत कम मिल पाती है । चूंकि हम लोगों ने अभी तय कर लिया है कि संपूर्ण देश में पंचायत-राज्य पद्धति होगी तो क्या आप इस बात को देखेंगे कि आगे से जो फंड दें वह पंचायतों के माध्यम से उनको पहुंचे ताकि एस्टेब्लिशमेंट कोस्ट कम हो जाय और एक्चुअल बेनिफिट ज्यादा हो सके ? क्या मंत्री महोदय इस पर गौर करेंगे ;

SMT. BASAVARAJESHWARI: Sir, it is a good suggestion for action and we will look into it.

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : चेयरमैन साहब, अभी मंत्री जी ने कहा कि बच्चों की मृत्यु-दर आर्थिकता के साथ जुड़ी हुई है । क्या यह मृत्युदर गांवों और शहरों में कुछ डिफर करती है ? अगर करती है, तो शहरों में यह मृत्युदर कितनी है और गांवों में यह मृत्युदर कितनी है ? मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करें और साथ ही यह भी बताएं कि इस अंतर को कम करने में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

श्री चतुरानन मिश्र : शहर में स्लम एरिए और बाबू लोगों के एरिए में भी फर्क कीजिएगा तो ठीक रहेगा ।

SMT. BASAVARAJESHNVARI: Sir, at present, I have not separated the urban mortality and rural mortality. Now I have got figures regarding infant mortality and child mortality.

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : सर, मंत्री जी यह रूरल मोर्टेलिटि का बताएंगे । अभी नहीं, तो बाद में बता देंगे कि कितने प्रतिशत है ?

श्री माधवराव सिंधिया : सर, अगर यह आंकड़े उपलब्ध हुए तो निश्चित रूप से आप तक मैं पहुंचा दूंगा, लेकिन मैं सोचता हूं कि इसका आंकलन करना काफी कठिन होगा क्योंकि मोबिलिटि काफी रहती है पापुलेशन के बीच । जो आंकड़े हमारे पास हैं, वह निश्चित रूप से मैं आपको उपलब्ध करा दूंगा ।

SHRI SANJAY DALMIA: Sir, is it a fact that most of these deaths can be averted if the expectant mothers are given a reasonably good diet? According to my information, these deaths occur because the expectant mothers are not able to get the required diet.

Will the Government look into this and provide funds for giving a proper, nutritious diet to the expectant mothers so that most of these deaths are averted?

SHRIMATI BASAVA RAJESHWARI: Sir, under the ICDS project itself we are giving nutritious food to 0.39 crore expectant mothers. Therefore, I think, after covering the entire country with this programme, more eligible expectant

mothers will be able to get nutritious food along with health care.

SHRI MADHAVRAO SCINDIA: Sir, with your permission, I would just like to add that under our total literacy campaign *(Interruptions)*.. .

SHRIMATI SARALA MAHESHWARI: What is this? The Minister is talking about literacy!. . . *(Interruptions)* ...

MR. CHAIRMAN: Question No. 163.

पिछड़े वर्गों संबंधी सर्वेक्षण

***163. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) किन-किन राज्यों में अभी तक पिछड़े वर्गों संबंधी सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है तथा किन-किन राज्यों में अभी तक यह पूरा नहीं किया गया है ;

(ख) क्या इस संबंध में कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) जिन राज्यों में सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है क्या उनमें नियुक्तियों का सिलसिला शुरू कर दिया गया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI K. V. TANGKA BALU): (a) to (c) A statement is laid on the table of the House.

Statement

(a) The following States have completed the identification of Other Backward Classes and provided reservation for them in State Services:—

Andhra Pradesh, Assam, Bihar, Goa, Gujarat, Haryana, Himachal Pradesh, I & K, Karnataka, Kerala, Madhya Pradesh, Manipur, Maharashtra, Orissa, Punjab, Rajasthan, Tamil Nadu, Tripura, Uttar Pradesh and West Bengal.

The following States have identified the OBCs but have not as yet reported regarding the quota of reservation, if any, provided for OBCs:—

Sikkim and Tripura.

Meghalaya has entrusted the task of identification of OBCs to the State Law Commission.

The remaining States viz. Arunachal Pradesh, Mizoram and Nagaland have reported that there is no need to identify OBCs as they have mainly tribal population.

(b) Action in all the States except Meghalaya has been completed. In the case of Meghalaya also the process of identification is under-way.

(c) The process of recruitment has already started in the States and is at different stages.

श्री शंकर दयाल सिंह : सभापति जी, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है । सभी इस बात को जानते हैं कि जनता दल की सरकार का यह कमिटमेंट था और जनता दल की सरकार जब तक रही तब तक उसने पिछड़े वर्गों के लिए मंडल आयोग की जो सिफारिश थी, उसको ही सबसे अधिक वरीयता देते हुए पहला अपना काम उस संबंध में किया । श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी का कमिटमेंट भी देश के प्रति यह था और इसीलिए उस सरकार ने दो शब्द दिए—सामाजिक न्याय का और पिछड़े वर्गों के उत्थान का । वर्तमान सरकार, जो पिछली सरकार का कार्य इसमें था, उस कार्य को आगे बढ़ाना नहीं चाहती है, यह हमारी अपनी शंका है । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह जानना चाहता हूं कि आपने जो सदन के पटल पर अपना यह उत्तर रखा है, उसके अनुसार अभी भी कुछ राज्य ऐसे हैं जिन्होंने सर्वेक्षण का कार्य नहीं किया है और उसमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण राज्य, सभापति जी, यदि कोई है तो दिल्ली है । दिल्ली का जिक्र नहीं किया है– ...(व्यवधान)...

एक माननीय सदस्य : लागू हो गया है ।